**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–07.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य सरकार कल विधानसभा के वि"ोश सत्र में पे"ा करेगी वि"वास मत, हो सकता है मंत्रिमंडल का विस्तार।**

2. **स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट यूजी काउंसिलिंग स्थगित किए जाने के समाचार को बताया फर्जी, कहा– काउंसलिंग कार्यक्रम की अभी तक नहीं की गई है घोशणा।**

3. **मोदी सरनेम मामले में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर आरोप पत्र गठित, रांची के एमपीएमएलए की वि"ोश अदालत में चलेगा मुकदमा।**

**और**

4. **एकांतवास से बाहर आए भगवान जगन्नाथ, झारखंड समेत पूरे दे"ा में रथ यात्रा आज।**

********************

हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार कल शाम होना है। इससे पहले राज्य सरकार कल विधानसभा में आहूत विशेष सत्र में अपना बहुमत हासिल करेगी। सत्र के बाद दोपहर साढ़े तीन बजे से राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा। सरकार में शामिल सभी मंत्री आयोजित समारोह में एक साथ शपथ ग्रहण करेंगे। राजभवन में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मंत्रियों की सूची कल सुबह तक राजभवन भेजे जाने की सूचना है। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा सरकार को विश्वासमत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं होगी। विश्वास मत में सरकार को घेरने और उसका जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक दल की बैठक आज होगी।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में स्टार्टअप लगाने वालों को राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जो भी उद्योग हैं और जो नए उद्योग लगने वाले हैं, उनसबके प्रति सरकार की सोच सकारात्मक है। राज्य में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो और अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हों, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। रांची के मोरहाबादी स्थित आर्टभट्ट सभागार में झारखंड चैंबर की ओर से आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

**साउण्ड बाईट – हेमन्त सोरेन, रांची – 20 सेकेण्ड**

********************

स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने का समाचार गलत है। मंत्रालय ने कहा है कि काउंसलिंग की तारीख अभी अधिसूचित नहीं हुई है। नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के संबंध में मीडिया की खबरों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण दिया है।

********************

राज्य में मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख–रखाव योजना को लागू कर दिया गया है। इससे अस्पतालों का समुचित संचालन, प्रबंधन और भवनों के नियमित रख–रखाव के लिए राशि भी निर्धारित कर दी गई है। इस योजना के लागू होने के बाद अब राज्य में संचालित सभी सरकारी अस्पताल अब अलग–अलग रंगों से भी पहचाने जाएंगे। सदर अस्पताल का रंग सफेद, अनुमंडलीय अस्पताल हल्का पीला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्का गुलाबी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हल्का नीला और आयुष्मान आरोग्य मंदिर येलो मेटालिक रंग का होगा।

इस योजना के तहत सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण के लिए पचहत्तर लाख रुपए, अनुमंडलीय अस्पताल के लिए पचास लाख, सीएचसी और रेफरल अस्पताल के लिए पांच लाख और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए दो लाख रुपए प्रतिवर्ष बजट का प्रावधान किया गया है।

********************

एमपी–एमएलए की विशेष अदालत में मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस सांसद व लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा चलेगा। कल मामले की सुनवाई के दौरान प्रतिवादी राहुल गांधी की ओर से उनके अधिवक्ता को अदालत ने आरोप समझाया। इसके बाद अधिवक्ता ने कहा कि वह निर्दोष हैं। उन्होंने आरोप को स्वीकार नहीं किया. इसके बाद अदालत ने आरोप तय करते हुए शिकायतकर्ता को गवाह प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तिथि निर्धारित की। शिकायतकर्ता प्रदीप मोदी ने रांची सिविल कोर्ट में 23 अप्रैल को शिकायत दर्ज करायी थी।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान सुदर्शन की विश्वप्रसिद्ध रथयात्रा में शामिल होंगी। राष्ट्रपति ओडिशा की चार दिन की यात्रा पर कल भुवनेश्वर पहुंचीं। हवाईअड्डे पर राज्यपाल रघुबर दास और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने उनका स्वागत किया।

********************

पंद्रह दिनों के एकांतवास के बाद कल भगवान जगन्नाथ ने नेत्रदान के साथ ही भक्तों को दर्शन दिये। इसी के साथ आज झारखंड समेत पूरे देश में परंपरागत तरीके से रथ यात्रा निकाली जाएगी। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को रथ पर विराजमान कर रथ को खींचकर मौसी बाड़ी तक लाया जाएगा। रथ यात्रा को लेकर रांची में भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मेले की तैयारी तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और कई आवश्यक निर्देश दिये।

********************

भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर एपी रेड्डी और केंद्र भर्ती अधिकारी विरेंद्र रेड्डी ने कल खूंटी के बिरसा कॉलेज में छात्र–छात्राओं को बताया कि भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु पद में भर्ती के लिए उम्मीदवार कल से 28 जुलाई तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा के विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ कला और वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय पर 50 फीसदी अंकों के साथ अंग्रेजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है। इसके अलावा तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या दो वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार भी आवेदन के लिए पात्र हैं।

********************

हजारीबाग जिले के 18 सरकारी विद्यालयों को एक जुलाई से पीएम श्री स्कूल घोषित कर दिया गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

महिला क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी–20 क्रिकेट मैच आज शाम सात बजे से चेन्नई में खेला जायेगा। तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में मेहमान टीम ने भारत पर 12 रन से जीत दर्ज की थी। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को खेला जायेगा। इससे पहले, भारतीय टीम ने पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट मैच में जीत दर्ज की थी।

********************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

रांची से प्रकाशित लगभग सभी समाचार पत्रों ने हाल ही में गठित हेमंत सोरेन सरकार के कल होने वाले कैबिनेट विस्तार की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान लिखता है** – विश्वासमत के बाद कल ही होगा कैबिनेट विस्तार।

**प्रभात खबर और दैनिक जागरण** ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है– मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी पर रांची के कोर्ट में चलेगा मुकदमा।

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है** – मुरगू नदी पर पुल व सड़क नहीं बनी, गड्ढे में गिरने से छह माह में आठ लोग मरे।

**रांची एक्सप्रेस** ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान को शीर्षक बनाते हुए लिखा है – रोजगार सृजन के लिए सरकार प्रतिबद्ध ।

**अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र नहीं बांट पाने का उन्हें अफसोस है।

**संडे टाइम्स ने लिखा है** – इंटरमीडिएट एडमिशन मामले में हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा रांची विश्वविद्यालय।

*********समाप्त************